ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बड़वानी

विधानसभा क्षेत्र क्र. 190 (बड़वानी), जिला–बड़वानी (म.प्र.)

बाबुलाल कोटवाल
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बड़वानी

निवास –
ग्राम–लोनसरा खुर्द, तह.बड़वानी
जिला–बड़वानी (म.प्र.) 451551
मो. 8839446438

क्रमांक

प्रति,

दिनांक 30/04/2026

मानननीय कैलाश विजयवर्गीय मंत्री महोदय,
नगरीय विकास एवं आवास,
म.प्र. शासन, भोपाल

द्वारा :- कलेक्टर, जिला बड़वानी (म.प्र.)
विषय :- बडवानी नगरपालिका द्वारा लगातार दूषित पेयजल की आपूर्ति करने बाबद।

महोदय,

उपरोक्तानुसार लेख है कि -

बडवानी नगरपालिका द्वारा वार्ड क्र. 6,7,11,13,14,16 में लगातार दूषित पेयजल आपूर्ति की सुचना वार्ड पार्षदों तथा नागरिको द्वारा नगरपालिका प्रशासन को दी गई, परन्तु कोई निराकरण नहीं होने से कल दिनांक 29 अप्रैल, 2026 को माननीय विधायक श्री राजन मंडलोईजी के साथ पार्षद दल तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा कारगिल चौक, पाला बाज़ार बडवानी में धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को सुचना देने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा सहायक इंजिनियर को भेजा गया। (छायाप्रतिया संलग्न)

मौके पर उपस्थित नगरपालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक इंजिनियर की उपस्तिथि में सब इंजिनियर द्वारा उक्त वार्डो में साफ़ पेयजल की आपूर्ती 15 दिनों में सुनिश्चित करने तथा म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के इंजिनियर द्वारा दूषित पेयजल के कारण जनहानि होने पर ठेका कंपनी की जिम्मेदारी तय करने सम्बन्धी लेख किये गए। (छायाप्रतिया संलग्न)

बडवानी नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे सीवरेज निर्माण कार्य का जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा पर्याप्त पर्यवेक्षण नहीं होना तथा ठेका कंपनी श्रीराम कंस्ट्रक्शन द्वारा अनियमित तरीके से की जानेवाली खुदाई के चलते नगर की पेयजल लाइन क्षतिग्रश्त होने से सीवर लाइन का गंदा पानी मिल रहा है जिसके कारण संदूषित पेयजल की लगातार आपूर्ति बनी हुई है।

वर्तमान में बडवानी नगर में पूर्व में स्थापित पेयजल लाइन के वर्टीकल या होरीजोंटली लगभग 6 इंच तक की दुरी तक में सीवर लाइन स्थापित की गई है जो की IRC98/2011 तथा IRC50/2013 के नियमो का स्पष्ट उल्लंघन है , फिर भी ठेका कंपनी का

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बड़वानी

विधानसभा क्षेत्र क्र. 190 (बड़वानी), जिला-बड़वानी (म.प्र.)

बाबुलाल कोटवाल
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बड़वानी

निवास -
ग्राम-लोनसरा खुर्द, तह.बड़वानी
जिला-बड़वानी (म.प्र.) 451551
मो. 8839446438

क्रमांक

दिनांक.............................

तानाशाही रवैया बरक़रार है तथा पर्यवेक्षण अधिकारी आखे मूंद कर निरिक्षण तालिका पर हस्ताक्षर कर रहे है।

स्थिति गंभीर है जनता मे भारी आक्रोश है प्रशासन की उदासीनता के चलते जनहानि की स्थिति निर्मित हो रही है। भविष्य मे उग्र आंदोलन के लिए जनता को मजबूर किया जा रहा है।

अतः आपसे निवेदन है की आप तत्काल उच्च स्तर से कार्यवाही कर निर्माण कार्य में नियमो का पालन करने हेतु अधिनस्थो को निर्देशित करावे। तथा नए कार्यो को रोक कर पहले पुरानी अनियमितताओं को दूरूस्त किया जाये, नहीं तो भविष्य में बडवानी जरुर भागीरथपुरा बनता नज़र आयेगा।

अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बड़वानी
जिला बड़वानी (म.प्र.)

प्रतिलिपि :- माननीय राजन मण्डलोई जी, विधायक बड़वानी की ओर सूचनार्थ।

Date - [illegible]/4/2026

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

SE (PIO)
Chanderjit Singh

M T W T F S S
30 04 26

वार्ड न. 16 मे 5 दिवस के भीतर शुद्ध पेयजल का सप्लाई चालू किया जाएगा इसके पश्चात् वार्ड क्र 16, 13, 06, 11, 17, इन वार्डो मे क्रमवार एवं अन्य वार्ड मे क्रमवार कार्य कर शुद्ध पेयजल की सप्लाई की जाएगी। उपरोक्त वार्डो मे 15 दिवस मे रिपेयर कार्य पूर्ण कराकर पेयजल शुरू किया जाएगा। आवश्यकतानुसार संबंधीत वार्डो मे वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर के माध्यम से पेयजल किया जाएगा।

M Chouhan
उपयंत्री न.प.
बड़वानी